कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण

पत्रांक 509 /

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा।

सेवा में,

जिले के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक,
प्रारंभिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/उत्क्रमित उच्च विद्यालय
जिला–सारण।

छपरा, दिनांक 17.2.24

विषयः– बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति परीक्षा 2023 के चयनित विद्यालय अध्यापकों के योगदान हेतु दिनांक 18.02.2024 को विद्यालय खोलने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार लोक सेवा आयोग पटना के विज्ञापन संख्या–26/2023, 27/2023 प्रारंभिक वर्ग 1–5/6–8/माध्यमिक (वर्ग–9–10) एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय (वर्ग–11–12) अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा परिणाम के आधार पर कॉउसिलिंग के उपरान्त विद्यालय पदस्थापन पत्र एवं योगदान पत्र का वितरण किया जाना है। इसे सारण जिला अन्तर्गत DRCC सारण बिनटोली रोड, नीयर छपरा जक्शन, रतनपुरा छपरा में दिनांक 18.02.2024 से 19.02.2024 तक (समय–09:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 अपराह्न) विद्यालय अध्यापक के चयनित अभ्यर्थियों का विद्यालय पदस्थापन पत्र एवं योगदान पत्र वितरण किया जाना है। तत्पश्चात् आपके द्वारा संबंधित विद्यालय अध्यापक को अपने विद्यालय में योगदान कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ आप सभी को आदेश दिया जाता है कि योगदान किये गये विद्यालय अध्यापकों का मूल विद्यालय पदस्थापन पत्र आपके द्वारा सत्यापित कर एक फोल्डर में दो सेट सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र विद्यालय अध्यापकों से स्वअभिप्रमाणित कराते हुए दिनांक 20.02.2024 से 21.02.2024 तक अचूक रूप से उपस्थित होकर संबंधित विद्यालय अध्यापकों का विभागीय पोर्टल पर योगदान कराना सुनिश्चित करेंगे। विलंब की स्थिति सारी जवाबदेही आपकी होगी। साथ ही आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

इसे अति आवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा।
17.2

ज्ञापांक 509 छपरा, दिनांक 17.2.24

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक सारण प्रमण्डल छपरा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, सारण को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा।
17.2